हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

तिथि 16 अप्रैल 2026 समय 18:10

मुख्य समाचार :-

- केंद्रीय विधि और न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने लोकसभा में संविधान (एक सौ इकतीसवां संशोधन) विधेयक, और परिसीमन विधेयक पेश किए। विधेयकों पर चर्चा जारी।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा - महिला शक्ति को नीति निर्माण में उचित प्रतिनिधित्व देना समय की मांग। विपक्षी दलों से राजनीतिक रंग न देने की अपील की।
- हरियाणा और चंडीगढ़ में स्व जनगणना शुरू हुई। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने लोगों से स्वगणना में भाग लेने का आह्वान किया।
- आज हरियाणा के कुरुक्षेत्र, अंबाला और रोहतक में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के पक्ष में पदयात्राएं निकाली गईं।
- कांग्रेस ने हरियाणा के पांच विधायकों को राज्यसभा प्रत्याशी के विरुद्ध मतदान करने के आरोप में पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से निलंबित किया।

************************************************************

**********

केंद्रीय विधि और न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने आज लोकसभा में संविधान (एक सौ इकतीसवां संशोधन) विधेयक, 2026 और परिसीमन विधेयक, 2026 पेश किए। गृह मंत्री अमित शाह ने केंद्र शासित प्रदेश कानून (संशोधन) विधेयक, 2026 पेश किया। विधेयकों को पेश करते हुए अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि संविधान (एक सौ इकतीसवां संशोधन) विधेयक, 2026 महिलाओं के लिए समानता सुनिश्चित करेगा।

मंत्री ने कहा कि देशभर में महिलाओं के लिए आरक्षित सीटों का एकसमान और कानूनी रूप से सुसंगत वितरण सुनिश्चित करने के लिए लोकसभा में वर्तमान संख्या से 50 प्रतिशत सीटों की वृद्धि करना आवश्यक होगा। उन्होंने कहा कि इसके बाद लोकसभा में सदस्यों की संख्या 815 हो जाएगी। इनमें से 272 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी, जो मौजूदा आवंटन के अतिरिक्त हैं।

************************************************************

**********

आज लोक सभा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि देश की पचास प्रतिशत आबादी को निर्णय लेने की प्रक्रिया में शामिल किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है और नीति निर्माण में उन्हें उचित प्रतिनिधित्व देना समय की मांग है। श्री मोदी आज लोकसभा में नारी शक्ति वंदन अधिनियम में संवैधानिक संशोधन से संबंधित तीन महत्वपूर्ण विधेयकों पर चर्चा के दौरान बोल रहे थे। प्रधानमंत्री ने विपक्षी दलों से इस ऐतिहासिक विधेयक को राजनीतिक रंग न देने की अपील की।

श्री मोदी ने कहा कि यह सभी के लिए और देश के लोकतंत्र के लिए लाभकारी होगा। उन्होंने कहा विरोध करने वालों को भविष्य में इसके परिणाम भुगतने होंगे। उन्होंने कहा कि यह विधेयक देश की दिशा और भविष्य तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

************************************************************

**********

लोक सभा में चर्चा में भाग लेते हुए समाजवादी पार्टी के सांसद अखिलेश यादव ने कहा कि उनकी पार्टी महिला आरक्षण का समर्थन करती है। उन्होंने इतने महत्वपूर्ण विधेयक को जल्दबाजी में लाने पर सवाल उठाया। श्री यादव ने कहा कि महिला आरक्षण विधेयक नवीनतम जनगणना पूरी होने के बाद ही पेश किया जाना चाहिए।

केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि जनगणना का काम शुरू हो चुका है।

भारतीय जनता पार्टी की सांसद हेमा मालिनी ने कहा है कि महिला आरक्षण विधेयक महिलाओं की क्षमताओं को मान्यता देने और उन्हें सम्मानित करने की दिशा में एक कदम है, इसलिए आज का दिन देशभर की महिलाओं के लिए महत्वपूर्ण है। संसद भवन के बाहर संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने विपक्ष से विधेयक का समर्थन करने का आह्वान किया।

************************************************************

**********

हरियाणा में आज से स्व जनगणना शुरू हो गई है। यह 30 अप्रैल तक चलेगी। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश वासियों से जनगणना में सहयोग की अपील की है ताकि सही आंकड़े सामने आ सके।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस समय देश में स्वतंत्रता के बाद आठवीं और हरियाणा के गठन के बाद यह छठी जनगणना हो रही है। उन्होंने कहा कि स्व गणना डिजिटल भारत की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह नागरिकों को स्वयं अपनी जानकारी दर्ज कराने का अधिकार और सुविधा प्रदान करता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि  जनगणना हर तरह के  विकास का मजबूत आधार है।

*************************************************************

**********

केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ में भी जनगणना 2027 के लिए स्व गणना शुरू हो गई है ।

आज  चंडीगढ़ के मुख्य सचिव  एच. राजेश प्रसाद ने स्व गणना के तहत ऑनलाइन जनगणना पोर्टल के माध्यम  अपनी जानकारी भरी। इस प्रक्रिया में जनगणना निदेशक  डॉ. नवजोत खोसा तथा सह-प्रधान जनगणना अधिकारी द्वारा सहयोग प्रदान किया गया।

मुख्य सचिव ने प्रभावी योजना निर्माण एवं नीतिगत निर्णयों के लिए सटीक आंकड़ों के महत्व पर बल दिया। उन्होंने नागरिकों से समय-सीमा के भीतर अपनी स्व-गणना पूर्ण करने का आह्वान किया।

*************************************************************

**********

आज कुरुक्षेत्र के ब्रह्मसरोवर स्थित पुरुषोत्तमपुरा बाग से अर्जुन चौक तक नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में एक पदयात्रा निकाली गई। पदयात्रा में हरियाणा बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्ष सुमन सैनी, पूर्व मंत्री कमलेश ढांडा और महिला आयोग की अध्यक्ष रेणु भाटिया ने भी भाग लिया।
इस अवसर पर श्रीमति सुमन सैनी ने कहा

उन्होंने कहा महिला आरक्षण बिल लागू होना एक ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा साबित कर रही हैं और अब उन्हें नीति-निर्माण में भी समान भागीदारी मिलनी चाहिए।

***********************************************************

**********

अंबाला में आज नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर महिला मोर्चा द्वारा एक विशाल रैली का आयोजन किया गया।इस रैली की शुरुआत जन स्वास्थ्य मंत्री रणबीर गंगवा ने हरी झंडी दिखाकर की। रैली में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद करते हुए कहा कि इस अधिनियम के जरिए महिलाओं को उनका हक मिला है।

इस अवसर पर पूर्व मंत्री असम गोयल, भाजपा की प्रदेश उपाध्यक्ष बांतो कटारिया, महामंत्री रिचा पाहवा मौजूद रहे ।

***********************************************************

**********

नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में आज भारतीय जनता पार्टी के महिला मोर्चा की ओर से प्रदेश सचिव रेणु डाबला की अगुवाई में रोहतक में पदयात्रा निकाली गई। इस पदयात्रा के माध्यम से नारी शक्ति वंदन अधिनियम के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया गया और नागरिकों को महिला सशक्तिकरण की दिशा में केंद्र सरकार की ओर से किए जा रहे प्रयासों से अवगत करवाया गया।

***********************************************************

**********

कांग्रेस ने  हरियाणा के पांच विधायकों को तत्काल प्रभाव से पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से निलंबित कर दिया है।  जिन पर राज्यसभा चुनाव के दौरान पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी के विरुद्ध मतदान करने का आरोप है। हरियाणा प्रदेश कांग्रेस समिति के अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने कहा कि नारायणगढ़ से विधायक श्रीमती शैली चौधरी,  सढौरा से श्रीमती रेणु बल रतिया से जरनैल सिंह, पुनहाना से मोहम्मद इलियासएवं हथीन से विधायक मोहम्मद इज़राइल कोपार्टी विरोधी गतिविधियों के चलते निलंबित किया गया है।

***********************************************************

**********